## समाचार विज्ञप्ति

---

**मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विकासखंड अधिकारी के संशोधित चयन परिणाम घोषित**

इंदौर, 3 मई , मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यरत कर्मचारियों हेतु विकासखंड अधिकारी की सीमित विभागीय परीक्षा का संशोधित चयन परिणाम घोषित किया गया है ।

उक्त सीमित विभागीय परीक्षा में विकास खंड अधिकारी के कुल 71 पदों हेतु विभाग में विकास विस्तार अधिकारी तथा सहायक विकास विस्तार अधिकारी के पदों पर कार्यरत अभ्यर्थी सम्मिलित हुये थे। पूर्व में घोषित चयन परिणाम में श्रेणी सत्यापन के पश्चात संशोधित चयन परिणाम घोषित हुआ है।

उक्त चयन परिणाम से विभाग में विकास विस्तार अधिकारी तथा सहायक विकास विस्तार अधिकारी के पद पर कर्तव्यरत कर्मचारी विकास खंड अधिकारी के पदों पर नियुक्त हो सकेंगे।

चयन परिणाम आयोग की वेबसाइट www.mppscdemo.in, www.mppsc.com तथा www.mppsc.nic.in पर अपलोड किए गए है।

---

उप सचिव